## संक्षिप्त

### अग्निपथ के विरोध में सत्याग्रह आज

**मसूदा (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय की एनडीए सरकार द्वारा देश के युवाओं के भविष्य के साथ छलावा एवं खिलवाड़ करते हुए अग्निपथ योजना से देश के तीनों सेनाओं वायुसेना, थल सेना एवं जलसेना में 4 वर्ष की अवधि के लिए 17 वर्ष 6 माह में 21 वर्ष तक के युवाओं को भर्ती करने की घोषणा के विरोध में मसूदा विधायक राकेश पारीक के नेतृत्व में सोमवार को मसूदा उपखंड स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इकबाल मंसूरी ने बताया कि अग्निपथ योजनाओं से युवाओं के हितों पर होने वाले कुठाराघात और केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में उपखंड कार्यालय पर सोमवार 27 जून को कांग्रेस पार्टी के पीसीसी सदस्य जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य व जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य आदि सुबह 10बजे धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे।

### ज्योतिर्लिंग पार्थिव रुद्राभिषेक

**ब्यावर, (निसं)।** गीता भवन में 12 ज्योतिर्लिंग पार्थिव रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल गीता भवन में अयोध्या के संत आचार्य राजमणि और अमन शास्त्री के सानिध्य में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ और 12 ज्योतिर्लिंग पार्थिव रुद्राभिषेक के दौरान शहर के प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। इस दौरान वेदाचार्यों द्वारा मंत्रोचार के साथ भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग के पार्थिव रूप से रुद्राभिषेक करवाया गया। भागवत कथा के दौरान बाल व्यास अमन शास्त्री ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान कपिल मुनि की प्राकट्य के प्रसंग आने पर उनकी झांकी भी सजाई गई। चतुर्थ दिवस की कथा स्वर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आने पर नंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। ज्योतिर्लिंग के रुद्राभिषेक में डॉ आशीष गुप्ता, हिमानी शर्मा स्वामी, मनोज स्वामी, सुनीता शर्मा, पवन सोनी सहित, चंद्रकीशोर, श्रीमती यशोदा, सुभाष त्रिपाठी, विमल किशोर अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### सिलाई व मेहंदी का निःशुल्क प्रशिक्षण

**पुष्कर, (निसं)।** फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया पुष्कर छात्राओं की प्रतिभा निखारने ओर उन्हें रोजगार मिल सके, इस उद्देश्य से सिलाई व सिखाने का एवं मेहंदी का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। पन्द्रह सौ रुपये भी संस्थान की तरफ से दिए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष दीपू महर्षि ने बताया कि प्रथम बेंच में 30 बालिकाओं को 3 माह तक निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है। प्रथम बेंच का समापन 30 जून को होगा एवं द्वितीय बेंच 1 जुलाई से प्रारंभ होगा। प्रत्येक बालिका को 1500 रुपए संस्था की तरफ से दिए जाएंगे और महिला दिवस पर सभी प्रशिषणार्थियों को फाउंडेशन की ओर से सिलाई मशीन वितरित की जाएगी। गौरतलब है कि फियोर दी लोटो की ओर से छह सौ बालिकाएं निशुल्क शिक्षा का अध्ययन ले रही है।

### कांग्रेसियों का सत्याग्रह आज

**अजमेर, (कास)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की एनडीए सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में 27 जून सोमवार को प्रातः 10 बजे गांधी भवन पर कांग्रेसियों द्वारा सत्याग्रह किया जाएगा। सत्याग्रह में अजमेर जिले के प्रभारी राजस्थान स्वेच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री मुमताज मसीह मौजूद रहेंगे। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अजमेर जिले की सभी विधानसभाओं में सोमवार को अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह किया जाएगा।

### 25 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त

**नसीराबाद, (निसं)।** नसीराबाद सदर थाना पुलिस को 25 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर निकटवर्ती ग्राम पाबूथान निवासी नरपत सिंह पुत्र गोपाल रावत के मकान के पीछे 25 किलो अवैध डोडा पोस्त सदर थाना पुलिस ने थाना अधिकारी राजेश मीणा के नेतृत्व में जप्त किया। डोडा पोस्त दो प्लास्टिक के कट्टे में भरकर रखा गया था। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच नसीराबाद सिटी पुलिस को सौंपी।

# सकल हिन्दू समाज ने विशाल शांति मार्च निकाला, हाथों में तिरंगा लेकर निकले युवा

**अजमेर, (कास)।** सनातन संस्कृति की रक्षार्थ हेतु अजमेर में रविवार को सकल हिन्दू समाज के बैनर तले एकता का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया। इसे सनातन संस्कृति की मजबूती ही कहा जाएगा कि बिना किसी नेतृत्व और नेता के इतनी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। शांति मार्च को सफल बनाने के लिए हिन्दू विचारधारा के कार्यकर्ता भी सक्रिय रहे लेकिन किसी भी हिन्दूवादी संगठन ने अपने नाम की पहल नहीं की। यही वजह रही कि सनातन संस्कृति में विश्वास रखने वाले लगभग 20 से 30 हजार से भी ज्यादा सनातनी जिला कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए।

जिला कलेक्टर अंशदीप को साधु-संतों के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंप भारत की सनातन संस्कृति की छवि खराब कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। शांति मार्च को देखते हुए जिला पुलिस व प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर और बाजार के चप्पे चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रही।

हिन्दू सनातन संस्कृति के सम्मान एवं देवी देवताओं के अपमान के विरोध में रविवार को सकल हिन्दू समाज की ओर से विशाल शांति मार्च निकाला गया। शांति मार्च अजंता पुलिया स्थित भगवान परशुराम मंदिर से रवाना हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ कलेक्ट्रेट पहुंचा। शांति मार्च को लेकर संगठनों द्वारा अलग अलग वाहिनीयां बनाई गई। इस शांति मार्च में एक विशाल तिरंगा महिलाओं ने थामें रखा तो दूसरा विशाल तिरंगा पुरुषों के हाथों में रहा। इसके अलावा शांति मार्च में शामिल हर युवा के हाथ में तिरंगा नजर आ रहा था। शांति मार्च के आगे पीछे और बीच में जिला कलेक्टर द्वारा नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहे। पूरे शांति मार्च की जिला प्रशासन द्वारा वीडियोग्राफी कराई गई और ड्रोन से निगरानी भी रखी गई।

रैली के रूट पर ट्रेफिक व्यवस्था के लिए विशेष पुलिस जाप्ता तैनात रहा। वहीं शांति मार्च का शहर के विभिन्न बाजारों के व्यापारिक संगठनों और व्यापारियों ने जगह जगह सनातनियों का स्वागत किया। कई स्थानों पर तो फल बरसाए गए। हालांकि मार्च में नारे लगाने पर रोक थी, लेकिन फिर भी कुछ उत्साही युवकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। व्यापारियों ने स्वेच्छा से दोपहर 12 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। हजारों युवाओं के हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देखा गया। कोई 20 हजार से भी ज्यादा सनातनी जब कलेक्ट्रेट पर पहुंचे तो भीड़ का सैलाब देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के नेतृत्व में पुलिस फोर्स तैनात थी लेकिन किसी भी युवा ने अनुशासन को तोडने का प्रयास नहीं किया।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव और सदर बाजार के संरक्षक रमेश लालवानी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सदर बाजार के महासचिव अशोक दुल्हानी मामा ने बताया कि इस अवसर पर दौलत खोमानी, विजय खेमानी, अश्वनी शास्त्री, महेश लीलवानी, मनीष अरोडा सहित अन्य द्वारा सेवाएं दी गई।

■ शहर और बाजार के चप्पे चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रही



**कलेक्टर अंशदीप को साधु-संतों के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप सनातन संस्कृति की छवि खराब कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।**



**मांडलगढ उपखंड के मानपुरा पंचायत स्थित रामपुरिया गाँव में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सीसी सडक बनाई गई। इस दौरान ठेकेदार ने मकानों से निकलने वाले गंदे पानी व बरसात के पानी की निकासी के लिए सड़क के दोनों ओर नाला नहीं बनाया। तकनीकी अधिकारी ने भी कोई ध्यान नहीं दिया। इससे सडक पर गंदे पानी का भराव व कीचड की समस्या उतपन्न हो गई। कीचड ओर गंदे पानी की सडांध से राहगीरों ओर ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेशान ग्रामीणों ने उक्त समस्या को लेकर प्रशासन और पंचायत के अधिकारियों को कई बार शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ। रविवार को करीब 2 घंटे तक आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रति विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि सडक पर भरे पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मांडलगढ पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।**

## शिक्षक प्रशिक्षण शिविर ऑनलाइन करवा बजट खर्च पर अंकुश की मांग

**मसूदा (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मंत्री रतन सिंह देवड़ा ने बताया कि संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बताया कि संगठन का मत है शिक्षण सत्र 24 जून से प्रारंभ किया गया है।

26 जून को रविवार अवकाश है 27 जून से शिक्षक प्रशिक्षण शिविर रखना विद्यालय एवं छात्रहित में नहीं है विद्यालय में कई प्रकार के कार्य करने होते हैं यथा नामांकन सर्वे प्रवेश आधार जन आधार वेरीफिकेशन बैंक खाते की बैलेंस एंट्री कुक कम हेल्पर का भुगतान समसा के विगत वर्ष की सत्रांत में उक्त राशि खर्च करना व उपयोगिता तैयार करना रोकड़ बही तैयार करना बरसात के मौसम में आवश्यक शाला भवन की मरम्मत करवाना शौचालय, मूत्रालय, विद्यालय परिसर की साफ सफाई करवाना पोषाहार बर्तनों की सफाई करवाना पोषाहार मसालों की व्यवस्था करना बच्चों को ऑनलाइन या ऑफलाइन टीसी जारी करना विभागीय आदेश अनुसार बालकों को वर्कबुक में कार्य करवाना पीईईओ विद्यालय से पाठ्यपुस्तकें प्राप्त करना छात्रों को वितरित करना इस प्रकार के कार्य संपादित करना है। साथ ही विद्यालय योजना बनाकर छात्रों को शिक्षण कार्य भी करवाना है।

अतः संगठन के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष धन्ना सिंह रावत सभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह चौहान विभाग संगठन मंत्री गुरुशरण गोयल प्रदेश प्रतिनिधि धीरज पंकज शर्मा जिला संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह पायलट मंगल सिंह रावत किशन सिंह चौहान मुकेश प्रजापति गीता सोलंकी शर्मिला त्रिपाठी नंद सिंह चौहान भगवान सिंह पदाधिकारियों ने इस बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान एवं 27 जून से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर स्थगित कर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिए जाएं जिससे ऑफलाइन प्रशिक्षण पर लाखों रुपए खर्च होने वाली राशि की बचत होगी।

## सत्संग और प्रवचन का आयोजन

**अजमेर, (कास)।** पूज्य सिन्धी पंचायत, पंचशील नगर के तत्वधान में सिन्धु भवन में साईं टेऊराम साहिब के चालीहे उत्सव के कार्यक्रम में 33 वे दिन सत्संग और प्रवचन का आयोजन किया गया। प्रेमप्रकाश आश्रम के साईं राजूराम साहिब ने प्रवचन में बताया कि वर्तमान दौर के भाग दौड़ वाले जीवन में सफलता पाने के लिए शान्ति की तलाश रहती है और यह गुरु की शरण में आने से ही मिलती है। उन्होंने ने गुरु के नाम की महिमा का विवरण बताते हुए कहा कि हम अपने शब्दों पर नियंत्रण करके अपने मन की शान्ति प्राप्त कर सकते हैं। साईं राजूराम साहिब और उनकी मंडली ने भजन और प्रवचन के माध्यम से साईं टेऊराम साहिब के जीवन का परिचय दिया और उनकी महिमा बताई। इस अवसर पर पूज्य सिन्धी पंचायत पंचशील के उपाध्यक्ष मोहन चेलानी, महासचिव मनोज मेंघानी, शोभराज विधानी, कमल मोतियानी, अजीत मुलानी, श्रीचन्द मोतियानी, गोपीचंद पारवानी आदि ने सहयोग किया।

# कक्षा प्रथम के बच्चों का प्रवेशोत्सव मनाया

**अजमेर, (कास)।** केंद्रीय विद्यालय नसीराबाद में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के कक्षा प्रथम के नवप्रवेशित बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय नसीराबाद के प्रांगण में प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हवलदार तान्हा, विद्यालय प्राचार्य आरसी मीना, मुख्याध्यापक अजय कुमार ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

केंद्रीय विद्यालय नसीराबाद में कक्षा एक के नवप्रवेशी बच्चों का प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें नव प्रवेश प्राप्त बच्चों सहित अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कक्षा प्रथम के छात्र अभिभावक हवलदार तान्हा, विद्यालय प्राचार्य आरसी मीना, उपप्राचार्य देवेंद्र व मुख्याध्यापक अजय कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सरस्वती वंदना एवं पुष्प अर्पित भी किए। इसके बाद नन्हें बच्चों द्वारा मनोहर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व नवप्रवेशित बच्चों और अभिभावकों को विद्यालय आगमन पर स्कूल के शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अध्यापक अजय कुमार द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रम व शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी वहां उपस्थिति अभिभावकों को दी। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न अभिभावकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। अंत में वरिष्ठ अध्यापिका सरबजीत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

■ बच्चों और अभिभावकों का स्कूल आगमन पर शिक्षकों द्वारा तिलक लगा स्वागत किया



**केंद्रीय स्कूल में आयोजित नव प्रवेशोत्सव में बच्चों का स्वागत किया।**

# एसडीआरएफ टीम ने पुष्कर झील में डूबे अधेड़ के शव को बाहर निकाला

**अजमेर, (निसं)।** एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक पंकज चौधरी को पुलिस अधीक्षक जिला अजमेर विकास शर्मा से जरिये टेलिफोन सूचना मिली कि पुलिस थाना पुष्कर जिला अजमेर के अन्तर्गत शनिवार रात्रि 7.30 बजे 58 वर्षीय अधेड व्यक्ति के पुष्कर झील में डूबने की सूचना है। जिसकी तलाष सिविल डिफेंस टीम तथा स्थानीय गोताखोरों से लगातार करवायी जा रही है किन्तु व्यक्ति का शव अब तक बरामद नहीं हुआ है, अतः रेस्क्यू टीम अविलम्ब घटनास्थल पर भिजवाये।

सूचना पर एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक पंकज चौधरी ने एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम जयपुर को निर्देष दिये कि ई कम्पनी एसडीआरएफ अजमेर से एक रेस्क्यू टीम आवश्यक राहत उपकरणों के साथ अविलम्ब घटनास्थल पर भिजवाये। कम्पनी प्रभारी ने रेस्क्यू टीम ई-3 के प्रभारी हैड कानि. राजेष कुमार के नेतृत्व में 11 जवानों की एक रेस्क्यू टीम को आवष्यक राहत उपकरणों के साथ रात्रि 9:45 बजे घटनास्थल के लिए रवाना किया। टीम द्वारा रात्रि10:49 बजे घटनास्थल पर पहुँच स्थिति का जायजा लिया तथा टीम कमांडर ने एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि घटनास्थल अजमेर जिले की पुष्कर झील है। सांय करीब 7:10बजे एक अधेड उम्र के व्यक्ति ने पुष्कर झील में कूद आत्महत्या कर ली है। नगर निगम के गोताखोरों एवं सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम द्वारा काफी प्रयास किये जा रहे है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। घटनास्थल पर झील की गहराई करीब 20 फीट है।

टीम कमाण्डर के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम के जवानों षिवराज, रामचरण, सोहनलाल, फूलचन्द टाण्डी, किषनलाल, कैलाष, नारायण सैन, रामअवतार, सुरेष कुमार तथा दषरथ ने रात्रि 10:55 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले टीम ने झील के भराव क्षेत्र में लाईन एवं जीक जैक सर्च तकनीक से गोता लगाकर सर्च किया, उसके बाद बांस, लाईफ बॉय तथा रेस्क्यू रोप की सहायता सर्च ऑपरेषन चलाया गया। 40 मिनट की कडी मेहनत एवं अथक प्रयासों से रात्रि11:35 बजे पुश्कर झील में डूबे राजेष ओझा उर्फ राजू पुत्र पुरूशोत्तम ओझा 58 वर्ष निवासी नसीराबाद हाल निवासी वैषाली नगर, अजमेर के षव को बाहर निकालकर स्थानीय प्रषासन को सुपुर्द किया। घटना स्थल पर मौजूद उपनिरीक्षक श्रवण कुमार मय पुलिस जाप्ता ने रेस्क्यू कार्य की सराहना की।

■ 40 मिनट की कड़ी मेहनत एवं प्रयासों से सफलता मिली



**एसडीआरएफ टीम ने अधेड़ के शव को निकाल स्थानीय प्रशासन को सौंपा।**

## सार-समाचार

### शिविर में 500 यूनिट रक्तदान




**भीलवाडा, (निसं)।** सामाजिक समरसता समाज से ही स्थापित हो सकती है और यह तभी संभव है जब समाज के लोग जागरूक हों। यह बात राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने रविवार को तेली समाज के नोहरे में आयोजित रक्तदान शिविर में कही। तेली महासभा की ओर से आयोजित शिविर में पहले 251 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था लेकिन युवाओं के जोश को देखते हुए इसे 500 यूनिट कर दिया गया। महासभा के युवा अध्यक्ष ओमप्रकाश तेली ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्व मंत्री ने कहा कि अभी जिस तरह का माहौल बना हुआ है। उसे सुधारने के लिए इस प्रकार के सामाजिक समरसता के कार्यक्रम कारगर हो सकते हैं। रक्तदान सबसे बडा दान है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाडा, सांसद सुभाष बहेडिया, तेली समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिव चंद्रवाल आदि मौजूद थे।

### पेंशनर भवन का लोकार्पण



**नसीराबाद, (निसं)।** नसीराबाद तहसील परिसर में स्थित राजस्थान पेंशनर समाज के विश्रांति ग्रह का जीर्णोद्धार के बाद रविवार को आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामस्वरूप लांबा ने भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। वही इस अवसर पर पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष कश्मीरा सिंह के द्वारा पेंशनर समाज के भवन के जीणोद्धार हेतु पेंशनर्स के योगदान तथा क्षेत्रीय विधायक सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और सभी भामाशाहों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### औद्योगिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 25 करोड़ की लागत से 5 जीएसएस स्वीकृत

**मदनगंज-किशनगढ, (निसं)।** विधायक सुरेश टाक की अनुशंसा पर विधुत मंत्री ने औद्योगिक व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 25 करोड की लागत से 33 केवी के 5 जीएसएस स्वीकृत किये है। विधायक टाक ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों के रीको औद्योगिक क्षेत्र खोडा गणेश, रीको इंडस्ट्रियल एरिया सिक्स फेज के प्रथम व द्वितीय चरण, रीको इंडस्ट्रियल एरिया तीन फेज के साथ ग्रामीण क्षेत्रों हेतु पाटन बडगांव चौराहे पर काफी समय से 33/11 केवी जीएसएस की स्थापना कराने के लिये मांग की जा रही थी, ताकि उद्यिमयों एवं ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से विद्युत ट्रिपिंग, लाइन फॉल्ट, वोल्टेज ड्रॉप, ओवरलोडिंग की समस्या से राहत मिल सके। इसी बजट सत्र के दौरान विधानसभा में मांग रखी गई कि किशनगढ को यह पांच जीएसएस जल्द मिले। विभागीय कार्यवाही पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री के अनुमोदन के पश्चात लगभग 25 करोड की राशी स्वीकृत की गई। जीएसएस की स्थापना का कार्य जल्द ही पूर्ण कराया जायेगा। इससे पूर्व विधायक टाक द्वारा मुख्य सडक से विद्युत पोल हटवाकर पुराने बस स्टैंड से आर. के.कम्युनिटी सेंटर तक अंडर केबलिंग, रामनेर 220 केवी जीएसएस से लेकर लक्ष्मीनगर तक, हाउसिंग बोर्ड तथा 33 केवी को 220 केवी से जोड़ने का कार्य, इन्द्रानगर व लक्ष्मीनगर में नये जीएसएस की स्थापना कृष्णापुरी जीएसएस में रिनोवेशन कार्य, लक्ष्मीनगर, इन्द्रानगर नवीन जीएसएस के कारण 11 केवी लाईन निकलवाने का कार्य, जनहित एवं मुख्य सडक के निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अग्रसेन सर्किल से परासिया रेलवे फाटक तक सडक के दोनों ओर व बीच में लगे हुए विद्युत पोल जिन पर 11 केवी व एलटी विद्युत लाइन गुजर रही थी इन्हें नए विद्युत टावर एवं ऊंचाई पर शिफ्ट करवाने के साथ इसी मार्ग पर 7 विद्युत ट्रांसफार्मर शिफ्टि करने का कार्य कराया। मुख्य सडक के निर्माण कार्य में बाधा बन रही बालाजी मंदिर के सामने, अग्रसेन भवन के सामने, मुरलीवाला टावर के पास, यादव ट्रांसपोर्ट के पास तीन डीपी शिफ्टि हो चुकी है शेष रही एक डीपी जो अग्रसेन भवन के सामने की है यह भी जल्द होंगी।

# 166 किलो अफ़ीम डोडा चूरा बरामद, दो गिरफ्तार



**मांडलगढ़ के काछोला थाना पुलिस ने अफ़ीम डोडा चूरा तस्करी में कार जब्त कर व दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

**मांडलगढ, (निसं)।** मांडलगढ उपखण्ड के काछोला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक लग्जरी कार का पीछा कर 166.300 किलोग्राम अफ़ीम डोडाचूरा बरामद किया। डोडाचूरा भरी कार को छोड कर चालक फरार हो गया। वहीं तस्करी में एस्कोर्ट कर रही अन्य कार को जब्त कर कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

काछोला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक भीलवाडा पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्री तथा मांडलगढ पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह के सुपरविजन में एनडीपीएस एक्ट, जुआ अधिनियम हेतु अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के दौरान रविवार को काछोला थाना अधिकारी दिलीप सिंह द्वारा गठित एक टीम द्वारा गश्त की जा रही थी। इस दौरान एक अल्टो कार बिना नम्बरी सफेद कार को एस्कॉर्ट करते हुए आती दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रोकने का इशारा किया। दोनों कार के चालक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछाकर आल्टो कार को धर दबोचा।

इस दौरान बिना नंबरी कार जिसमें अवैध डोडा चूरा होने की शंका पर पुलिस टीम ने पीछा किया। स्विफ्ट कार का चालक कार को बाघथला गांव के मार्ग पर भगा ले गया ओर बनास नदी के तट पर जंगल मे सुनसान जगह पर डोडाचूरा से भरी कार को छोड कर चालक फरार हो गया।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुँच बिना नम्बरी कार की तलाशी ली। जिसमें नो प्लास्टिक के कट्टो में 166. 300 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर तस्करों की तलाश शुरू कर दी हैं। काछोला थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट कर रही कार में सवार अंतिम कुमार पिता बद्री लाल धाकड 22 साल निवासी अथवा बुजुर्ग (जावद थाना तहसील सिंगोली मध्य प्रदेश) व कमलेश पिता कैलाश चंद्र माली उम्र 24 साल निवासी नवादा घूमर तहसील सिंगोली मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में काछोला थाना अधिकारी दिलीप सिंह, कांस्टेबल गोपेश कुमार, सोमेश कुमार, हाकीम सिंह, भंवर लाल व मुकेश कुमार शामिल थे।

■ तस्करी में लिप्त एस्कोर्ट कर रही एक कार को जब्त किया